(ख) से (ङ) ये प्रश्न नहीं उठाते।

मध्य प्रदेश की विद्युत सम्बन्धी आवश्यकता

869. **श्री दिलीप सिंह जूदेव:** क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश की अनुमानतः वर्तमान विद्युत आवश्यकता कितनी है;

(ख) मध्य प्रदेश में विद्युत का वर्तमान उत्पादन सतर क्या है और इस पर कितनी धनराशि व्यय की गई है;

(ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान राज्य में स्थापित की जाने वाली प्रस्तावित विद्युत परियोजनाओं के नाम क्या-क्या हैं;

(घ) इन परियोजनाओं को कब तक मंजूरी दे दी जाएगी और इनके लिए किस प्रकार धनराशि जुटाई जायेगी; और

(ङ) चालू वर्ष के दौरान मध्य प्रदेश में गांवों के विद्युतीकरण हेतु कितनी धनराशि प्रदान की जाएगी?

(क) विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती उर्मिलाबेन चिमनभाई पटेल): वर्ष 1995-96 के दौरान मध्य प्रदेश में प्रत्याशित ऊर्जा आवश्यकता 26182 मि०यू० है।

(ख) अप्रैल-अक्तूबर, 1995 की अवधि के दौरान मध्य प्रदेश में ऊर्जा उत्पादन 23149 मि०यू० था।

(ग) व (घ) लागत विवरण सहित क्रियान्वयन के लिए विचाराधीन/अनुमोदनार्थ विद्युत परियोजनाओं का ब्यौरा विवरण-1 और 2 में दिया है।

(ङ) योजना आयोग ने वर्ष 1995-96 के दौरान मध्य प्रदेश में ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए 62 करोड़ रुपये (राज्य योजना सहित आवंटित किए है)

विवरण-I

मध्य प्रदेश में अनुमोदित जल विद्युत परियोजनाओं की सूची

क्र०सं०	ज०वि०	परियोजना का नाम	क्षमता (मे० वा०)	जिले में अवस्थित	लागत० करोड़ रुपये में		
					मूल	संशोधित लागत में वृद्धि (%)	
क.		**सार्वजनिक क्षेत्र**					
1.		बाणसागर (फेज-2 व 3)	टोन्स 2×15+3×20=90	रिवा	301.17	694.41	130.57
2.		बाणसागर (फेज-4)	टोन्स 2×10=20	सतना-शाहडोल	41.88	—	—
3.		इन्दिरा सागर (नर्मदा सागर)	8×125=1000	खाण्डवा	1190.12	2325.7	93.42
4.		इन्दिरा सरोवर (बोधघाट)	4×125=500	बस्तर	209.3	880.0	320.45
ख.		**संयुक्त उद्यम**					
1.		सरदार सरोवर (म०प्र०/गुजरात और महाराष्ट्र द्वारा संयुक्त रूप से)	6×200+5×50भरूच =1450 (म०प्र० का हिस्सा 27%=826.5)	(गुजरात)	1551.86	2673.43	72.27

क्र०सं०	ज०वि० परियोजना का नाम	क्षमता (मे० वा०)	जिले में अवस्थित	लागत० करोड़ रुपये में		
				मूल	संशोधित लागत में वृद्धि (%)	
2.	राजघाट (म०प्र० और उ०प्र० द्वारा संयुक्त रूप से)	3×15=45 गुना (म०प्र० का हिस्सा 50%=22.5 मे० वा०)		37.47	118.35	215.88
	केन्द्रीय					
	ग० निजी क्षेत्र					
1.	तावा एलबीसी मै० एच ई जी लि० द्वारा	2×12=24	होशंगाबाद	13.86	50.00	260.75
2.	महेचर (मै० एस० एमत एच पी लि० द्वारा)	10×40=400	खारगोन / खाण्डव T	1073.0	—	—

विवरण II

मध्य प्रदेश में अनुमोदित ताप विद्युत परियोजनाएं

क्र०सं०	परियोजना का नाम	क्षमता (मेगावाट)	जिले में उपस्थित	लागत करोड़ रु० मूल	संशोधित	लागत में वृद्धि (%)
क	ताप विद्युत					
	केन्द्रीय क्षेत्र	500	सीधी	2753.38	2753,40	—
1.	विंध्याचल एसटीपीएस चरण-2	500	-वही-			
	यूनिट-1					
	यूनिट-2					
ख.	निजी क्षेत्र		शून्य			
ग.	राज्यक्षेत्र					
1.	संजय गांधी विस्तार टीपीपी	210	शहडोल	493.00	817.18	65.8
	यूनिट-3	210	-वही-			
	यूनिट-4					
2.	पेंच	210	छिंदवाड़ा	534.75	—	—
	यूनिट-1	210				
	यूनिट-2					
3.	कोरबा पश्चिमी विस्तार	210	बिलासपुर	581.15	1274.00	119.2
	यूनिट-5	210				
	यूनिट-6					